
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 39 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रुपए

विचार-प्रवाह...लड़ाई में बाधाएं भी कम नहीं



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 6 मई 2020



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 17.0° | 31453.51 | 2 हमने बनाया कोरोना का वैक्सीन | 7 शेन वॉर्न का परमानेंट सुझाव

## संक्षिप्त समाचार

**24 घंटे में रेकॉर्ड मौतें, 3900 नए मरीज**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लॉकडाउन 3.0 में मिली छूट के दूसरे ही दिन देश में बढ़े कोरोना वायरस से संक्रमित रोगियों की तादाद डराने वाली है। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के मामलों और मौत के आंकड़ों में सबसे बड़ी उछाल देखी गई है। इस दौरान 3900 कन्फर्म केस सामने आए हैं और 195 लोगों ने दम तोड़ दिया, जो एक दिन में सबसे ज्यादा है। इसी के साथ देश में कोरोना के कन्फर्म मामलों की संख्या बढ़कर 46 हजार को पार कर गई है। वहीं, अबतक 1568 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 24 घंटे में 1,020 लोग ठीक हुए हैं।

**बडगाम में 24 घंटे में दूसरा ग्रेनेड हमला**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। पिछले एक सप्ताह के दौरान घाटी में आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए आतंकवादी वहां मौजूद आम नागरिकों को निशाना बनाने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। जिला बडगाम की बात करें तो पिछले चौबीस घंटों के दौरान आतंकवादियों ने मंगलवार को यहां दूसरा ग्रेनेड हमला किया। इस हमले में पुलिस का एएसआइ, सीआरपीएफ जवान समेत 6 लोग घायल हुए हैं जिनमें 4 स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

**दिल्ली की राह पर आंध्र प्रदेश, यहां 75 फीसदी महंगी हो गई शराब**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमरावती। लंबे समय बाद खुली शराब की दुकानों पर भयंकर भीड़ जुट रही है। लोग एक बोतल की जरूरत है तो पांच बोतलें खरीद ले जा रहे हैं। ऐसे में आंध्र प्रदेश सरकार ने मंगलवार को शराब की कीमत फिर 50 प्रतिशत बढ़ा दी है। इससे एक दिन पहले ही शराब की कीमत 25 फीसदी बढ़ाई गई थी। आंध्र प्रदेश समेत देशभर के कई राज्यों में सोमवार को ही शराब की दुकानें खुली हैं।

# देश लौटने वालों को किराया खुद ही देना होगा

लॉकडाउन के कारण 12 देशों में फंसे हैं भारतीय, 64 विमान तैयार

## सरकार ने फंसे भारतीयों को लाने के लिए बनाया है बड़ा प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत सरकार कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण विदेशों में फंसे 14,800 भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सात से 13 मई तक 64 उड़ानें संचालित कर सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इन विशेष उड़ानों का संचालन एअर इंडिया और उसकी सहायक एअर इंडिया एक्सप्रेस करेगी। जो यात्री भारत लौटेंगे उन्हें लौटने का किराया खुद ही देना होगा।

**गृह मंत्रालय ने किया था ऐलान**

लिहाजा गृह मंत्रालय ने सोमवार को ऐलान किया कि वह ऐसे भारतीयों को स्वदेश वापसी में सुविधा देगा जिनमें कोरोना वायरस महामारी के कोई लक्षण नहीं है। वह सात मई से चरणबद्ध तरीके से विमानों और नौसैनिक जहाजों के जरिए उन्हें वापस लेकर आएगा जिसके लिए भुगतान करना होगा।

**नौसेना ने भेजे अपने तीन जहाज**

कोच्चि। कोरोना वायरस की महामारी के कारण दूसरे देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। इस बीच मालदीव और यूएई में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए नौसेना ने अपने जहाज भेजे हैं।

रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि मालदीव और यूएई में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए भारत ने तीन नौसैनिक जहाज भेजे हैं। उन्होंने कहा कि आईएनएस मागर के साथ आईएनएस जलाश्व को सोमवार रात मालदीव के लिए रवाना कर दिया गया। जबकि आईएनएस शार्दुल दुबई में फंसे भारतीय प्रवासियों को निकालने के लिए रवाना किया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि तीनों जहाज लोगों को लेकर कोच्चि लौटेंगे। आईएनएस मगर और आईएनएस शार्दुल दक्षिणी नौसेना कमान के जहाज हैं।



**इन देशों से आएंगे भारतीय**

संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, मलेशिया, फिलीपींस, बांग्लादेश, बहरीन, कुवैत और ओमान से भारतीयों को वतन वापस लेकर आएंगी। भारत में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए 25 मार्च से लॉकडाउन है जिसे 17 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इस दौरान सभी वाणिज्य उड़ानों का संचालन बंद है।

**7-13 मई के बीच चल सकता है अभियान**

अधिकारियों ने ताया कि सात से 13 मई के बीच, भारत, यूएई के लिए 10, अमेरिका और ब्रिटेन के लिए सात-सात, सऊदी अरब के लिए पांच, सिंगापुर के लिए पांच और कतर के लिए दो उड़ाने संचालित कर सकता है। अधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश और मलेशिया सात-सात उड़ाने जाने की संभावना है, जबकि कुवैत और फिलीपींस के लिए पांच-पांच उड़ानों का संचालन हो सकता है। स्वदेश वापसी की 64 उड़ानों में से केरल से 15, दिल्ली और तमिलनाडु से 11-11, महाराष्ट्र और तेलंगाना से सात-सात और शेष पांच अन्य राज्यों से संचालित होंगी। अधिकारियों ने बताया सात दिवसीय अवधि के दौरान इन 64 उड़ानों के माध्यम से लगभग 14,800 भारतीय नागरिकों के देश में लौटने की संभावना है।



**पति के पार्थिव शरीर को निहारती रह गई पत्नी**

नई दिल्ली। उन्होंने जल्द ही घर आने का वादा किया था... आज लौटे हैं तो इस कदर कि हमेशा के लिए किसी दूसरी दुनिया में चले गए। हंदवाड़ा एनकाउंटर में शहीद हुए कर्नल आशुतोष शर्मा और मेजर अनुज सूद को आज अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान लोगों की आंखें नम लेकिन चेहरे पर गर्व थी। 21 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग अधिकारी कर्नल आशुतोष शर्मा को जयपुर में उनके भाई ने मुखाग्नि दी। इस दौरान शहीद की पत्नी भी वहां मौजूद रहीं। वहीं पंचकूला में मेजर अनुज सूद को भी उनकी पत्नी और परिजनों ने अंतिम विदाई दी। मेजर के पार्थिव शरीर को उनकी पत्नी एकटक देखती रहीं। यह मंजर देखकर वहां मौजूद हर शख्स भावुक हो गया।

**खजाने पर चपत के चलते फ्यूल पर बढ़ाया गया वैट**

नई दिल्ली। लॉकडाउन 3.0 की शुरुआत हुई और दिल्ली सरकार ने अपने घटते राजस्व को देखते हुए फ्यूल पर वैट बढ़ा दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद मंगलवार को पेट्रोल 1.67 रुपये और डीजल 7.10 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया। अब दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 71.26 रुपये का है और डीजल 69.39 रुपये प्रति लीटर। दरअसल दिल्ली सरकार ने बजट 2020-21 में जीएसटी और वैट एक्साइज, स्टैम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन टैक्स के जरिए 44,100 करोड़ रुपये रेवेन्यू मिलने का अनुमान लगाया था। लेकिन अबतक सिर्फ 350 करोड़ रुपये ही आए हैं। यही वजह है कि सरकार ने फ्यूल पर वैट बढ़ा दिया है। पेट्रोल पर वैट को 27 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 पर्सेंट कर दिया है जबकि डीजल पर वैट लगभग दोगुना ढ़कर 16.75 प्रतिशत 30 प्रतिशत हो गया है।

## 2 दिन के अंदर आ जाएगी एग्जाम डेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■शिक्षा मंत्री ने दी जानकारी

नई दिल्ली। सीबीएसई बोर्ड की बची हुई परीक्षाएं अब जल्द आयोजित की जाएगी। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने वेबिनार में कहा कि सीबीएसई की बोर्ड की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की तारीखों की घोषणा एक दो दिनों के भीतर की जाएगी। ऐसे में अब स्टूडेंट्स का एग्जाम डेट्स को लेकर इंतजार खत्म होने वाला है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं की तारीख की घोषणा खुद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक करेंगे। एग्जाम शेड्यूल को स्टूडेंट्स सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकेंगे। मंगलवार को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने वेबिनार में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा और ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन मेन के एग्जाम डेट की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जेईई मेन 2020 की परीक्षा 18 जुलाई 2020 से शुरू होकर 23 जुलाई 2020 तक आयोजित की जाएगी। वहीं, नीट यूजी 2020 का आयोजन 26 जुलाई 2020 को किया जाएगा।

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि कोचिंग सेंटर बंद हैं क्योंकि वे समस्याएं पैदा कर सकते हैं। हमें सामाजिक दूरियां सुनिश्चित करने की जरूरत है।

## डरा रहे मई के आंकड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिर्फ चार दिनों में 10 हजार केस

नई दिल्ली। 40 दिन पहले कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए पूरे देश में लॉकडाउन लगाया गया था। लेकिन 6 हफ्ते बीत जाने के बावजूद भारत में कोरोना का ग्राफ डरा रहा है। कुछ राज्य ऐसे में जहां रोज रेकॉर्ड संख्या में मामले सामने आ रहे हैं, जिनकी बदौलत कोरोना का ग्राफ 45 हजार पार पहुंच गया है। मई महीने में कोरोना वायरस के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शुरुआती चार दिनों में ही केस 45 हजार पार हो चुके हैं। इसमें से 10 हजार से ज्यादा तो सिर्फ पिछले 4 दिनों में सामने आए हैं।

मंगलवार को देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। इस दौरान कोरोना वायरस के 3900 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 195 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 46,433 हो गए है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in